web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : .14/09/2018

## आख्या

साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के प्रेक्षाग्रह में हमारी पृथ्वी, पर्यावरण और हम विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इन्वायरमेंट साइसेंस के प्राध्यापक प्रो0 के0जी0 सक्सेना ने पर्यावरण के विस्तृत स्वरूप की व्याख्या की और बताया कि पर्यावरण केवल जलवायु तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण से हमारे सामाजिक, दार्शनिक, राजनैतिक, आर्थिक दृष्टिकोण को भी प्रभावित होते हैं, और पर्यावरण में हम न केवल वहाँ के जलवायु बल्कि वहाँ पर अपने सह आवासीय सूक्ष्मतम् जीवों से लेकर विशालकाय जीवों और वनस्पतियों की उपस्थिति से स्वयं भी प्रभावित होते और उन्हें भी प्रभावित करते हैं। इस भूमण्डल में जो जीवों की भोजन श्रृंखला है वह हमारे पर्यावरण का परिणाम है और भोजन श्रृंखला ही वह धुरी है जिसमें चारों ओर जीवों, वनस्पतियों और वायुमण्डल संरक्षित होता है। भौगोलिक परिस्थितियाँ हमारी भाषा को, हमारी सोच को, हमारे भोजन, रहन–सहन और उद्योग धन्धों को प्रभावित करते हैं। इसी क्रम में उन्होने बताया कि आज सतत विकास और पर्यावरण सन्तुलन किस प्रकार एक दूसरे पर निर्भर होते जा रहे है, विश्व पंचायत संयुक्त राष्ट्र संघ के पर्यावरण सम्बन्धी सुधार कार्यक्रमों की भी उन्होने व्यापक चर्चा की तथा आज की समसामाजिक समस्याओं जैसे गरीबी, अशिक्षा, बाल विकास, महिला सशक्तीकरण, सतत विकास जैसे अहम मुद्दों पर भी अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 जे0 मिश्र सेवा निवृत्त प्राचार्य एम0डी0पी0जी0 कॉलेज ने कार्यक्रम के विषयवस्तु पर विस्तार से चर्चा की और उन्होंने बताया कि पर्यावरण के क्षरण को रोकने और पृथ्वी को बचाने में मनुष्य की क्या भूमिका हो सकती है और इसके लिए अब तक क्या प्रयास किये जा चुके हैं और क्या प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर बी0एड्0 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये चार्ट प्रतियोगिता में कु0 अंजली मौर्या को प्रथम, कु0 निधि तिवारी को द्वितीय तथा कु0 रूचि सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्रा कोमल, आर्या, अंकिता, पूजा एवं शिवांगी द्वारा प्रस्तुत साँई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 सरिता सिंह ने किया और अभिभावकों का स्वागत प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा कु0 स्वाती सिंह एवं कु0 मन्तशा परवीन ने किया। कार्यक्रम में आये हुये आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथियों का परिचय फिरोज गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायबरेली की असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ0 टुनीरा भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 यू0पी0 सिंह पूर्व कुलपति बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय बुन्देलखण्ड, डॉ0 लालजी त्रिपाठी, डॉ0 वी0पी0 सिंह, डॉ0 बृजभान सिंह, डॉ0 जे0पी0 मिश्रा, श्री अजय क्रान्तिकारी, डॉ0 उपेन्द्र सिंह, डॉ0 किरन मिश्रा, डॉ0 पीयूष कान्त शर्मा, डॉ0 अनिल कुमार, श्री इन्द्रमणि पाण्डेय, श्री आशीष सिंह. डॉ0 सरिता सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)
प्राचार्या

Contact us : (05342) 223769, 220254, 221002, 221003, 221004, 221005


राष्ट्रीय सेवा योजना




अवधेश


OF COLLEGES
25

# बेटियां पहचानें अपनी ताकत, करें चुनौतियों को सामना

## अमर उजाला के अभियान अपराजिता : 100 मिलियन स्माइल के तहत साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज में महिला गोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रतापगढ़। बेटियों को अपनी ताकत जाननी होगी। वह किसी से कम नहीं हैं। उनमें दृढ़ इच्छा शक्ति और साहस की आवश्यकता है। अगर साहस नहीं है तो किसी भी कार्य में सफलता मिलने वाली नहीं है। यह बातें इलाहाबाद राज्य विवि के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.उपेंद्र सिंह ने अमर उजाला के अभियान अपराजिता : 100 मिलियन स्माइल के तहत सोमवार को आयोजित महिला संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं।





साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में महिला जागरूकता गोष्ठी में जुटी छात्राएं और बोलते डॉ. उपेंद्र सिंह।

शहर के दहिलामऊ स्थित साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित अमर उजाला के अभियान की सराहना करते हुए डॉ. उपेंद्र सिंह ने कहा कि इस पहल से बेटियां जहां जागरूक होंगी। उनका हौसला बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अपराजिता अभियान से शहर और गांव के लोगों में काफी जागरूकता आई है। घर-घर शौचालय का निर्माण होने से जहां प्रदूषण की समस्या से निजात मिल रही है, वहीं महिलाएं सुरक्षित हुई हैं। प्राचार्य डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं। जिससे गांव और शहर की बेटियां शिक्षित होकर परिवार और गांव को संवार रही हैं। उन्होंने कहा कि एक पढ़ी-लिखी बेटी दो परिवारों का भाग्य जगाती है। एक वह परिवार जिसमें वह पढ़ी-लिखी और बड़ी हुई और दूसरा उसके पति का घर। इसलिए बालिका शिक्षा से समाज की अनेक कुरीतियों का अंत हुआ है।

प्रबंधक डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि देश की बेटियों ने हाल के दिनों में आईएएस, पीसीएस और न्यायिक क्षेत्र में जो सफलता अर्जित की है, वह चुनौती की नई कहानी है। छात्राओं ने अपने ज्ञान से आसपास के निरक्षर महिलाओं को साक्षर करने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ. अनीता पांडेय, प्रतिभा मिश्र, प्रभात शुक्ला सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं मौजूद रहीं।

# निडर होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ें बेटियां

## अमर उजाला के अपराजिता अभियान के तहत निकाली गई शैक्षिक जागरुकता रैली




अमर उजाला के अभियान अपराजिता के बैनर तले साकेत गर्ल्स पीजी कालेज एनएसएस की छात्राओं द्वारा निकाली गई महिला जागरूकता रैली।

संवाद न्यूज एजेंसी

...शहर के दहिलामऊ स्थित साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में अमर उजाला के अभियान अपराजिता : 100 मिलियन स्माइल के तहत शुक्रवार को छात्राओं ने रैली निकाली। छात्राओं ने लड़कियों को घरों की दहलीज से बाहर निकलकर उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। रैली कालेज से निकलकर भायघाट अंबेडकर चौराहा होते हुए कालेज पहुंची। रैली समाप्त होने के बाद कालेज में गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि अपराजिता कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी है। हर अभिभावक का कर्तव्य है कि बेटियों को बेहतर शिक्षा दिलाएं। इससे उनका उत्पीड़न रुकता है। साथ ही महिलाओं के शिक्षित होने से वह अपना भला बुरा स्वयं समझ सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां निडर होकर आगे बढ़ रही हैं। शिक्षा के माध्यम से ही बेटियां आज हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपना और अपने घरवालों का नाम रोशन कर रही हैं। सरकार की ओर से कई योजनाएं छात्राओं के लिए चलाई जा रही हैं। सभी छात्राओं को नारी गरिमा की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अनीता पांडेय, डॉ. प्रतिभा मिश्र, अनंत शुक्ला, अमिता यादव, प्रज्ञा मौर्य, कौशिकी शर्मा, नव्या सिंह, पारुल मिश्रा मौजूद रहीं।

# विकास के पथ पर आगे जाने के लिए शरीर का स्वस्थ होना जरूरी

प्रतापगढ़ : साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के विशेष शिविर का शुभारम्भ डा. अंशुमालि शर्मा, विशेष कार्याधिकारी उ.प्र. शासन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुआ विशेष शिविर का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए डा. शर्मा ने बताया कि विकास के पथ पर आगे जाने के लिए आपके शरीर को स्वस्थ होना होगा। मस्तिष्क को स्वस्थ बनाना होगा, विचारों को स्वस्थ होना होगा और अपने आत्मविश्वास के बल पर खुले आसमान मे अनन्त को ऊँचाइयों तक जा सकते हैं। डा. शर्मा ने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि स्वास्थ्य कैसे बनेगें तो उत्तर था पौष्टिक भोजन और योग करके। दूसरा प्रश्न था आत्म विश्वास कैसे मजबूत होगा उत्तर था ध्यान (मैडिटेशन) करके। इस अवसर पर इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डा. उपेन्द्र कुमार सिंह ने छात्राओं को कुंभ को भव्य बनाने के लिए आहवाहन किया। छात्राओं ने लघु नाटिका एवं नृत्य के मंचन द्वारा भारत को स्वच्छ बनाने का आहवाहन किया और भारत माता के स्वच्छ स्वरूप को बचाये रखने के लिए आहवाहन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नीलिमा श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कोमल शुक्ला, स्वाती शुक्ला, अंशु मिश्रा एवं काजल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वितीय के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं महाविद्यालय की छात्रा स्वाती सिंह एवं शिवांगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रथम एवं तृतीय के कार्यक्रमाधिकारी डा. अनीता पाण्डेय एवं डा. प्रतिभा मिश्रा द्वारा किया गया।




# आगे बढ़ने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी : अंशुमालि






केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण व मौजूद छात्र-छात्राएं।

प्रतापगढ़ (एसएनबी)। साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम द्वितीय एवं तृतीय इकाई के विशेष शिविर का शुभारंभ डा. अंशुमालि शर्मा विशेष कार्यक्रम अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डा. शर्मा ने बताया कि विकास के पथ पर आगे जाने के लिए आपके शरीर को स्वस्थ होना होगा। मस्तिष्क को स्वस्थ बनानाहोगा। विचारों को स्वस्थ होना होगा और अपने आत्मविश्वास के बल पर खुले आसमान में अनंत की ऊंचाइयों तक जा सकते है। डा. शर्मा ने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि स्वास्थ्य कैसे बनेंगे तो उत्तर था, पौष्टिक भोजन और योग करके। दूसरा प्रश्न था आत्मविश्वास कैसे मजबूत होगा तो उत्तर था ध्यान करके। डा. शर्मा ने छात्र-छात्राओं का समाज के विकास के लिए कुछ कर गुजरने का आवाहन किया। इस अवसर पर इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक ड उपेंद्र कुमार सिंह ने छात्राओं को कुंभ को भव्य बनाने के लिए आवाहन किया और उन्होंने कहा कि साकेत गर्ल्स पीजी कालेज ही है, जो राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। छात्राओं ने लघु नाटिका एवं नृत्य के मंचन द्वारा भारत को स्वच्छ बनाने का आवाहन किया और भारत माता के स्वरूप को बरकरार रखने के लिए आवाहन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. नीलिमा श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्राओं कोमल शुक्ला, स्वाति शुक्ला, अंशु मिश्रा एवं काजल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत साई वंदना, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी अनंत प्रकाश शुक्ला एवं महाविद्यालय की छात्रा स्वाति सिंह तथा शिवांगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रथम एवं तृतीयके कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीता पांडेय एवं डा. प्रतिभा मिश्रा द्वारा किया गया।

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुभारंभ

# नए कीर्तिमान गढ़ रहीं बेटियां

## अमर उजाला अपराजिताके तहत निकली बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली

अमर उजाला ब्यूरो

प्रतापगढ़। अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल के तहत शुक्रवार को साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं ने दर्जनभर गांवों का भ्रमण कर लोगों

**अपराजिता**
**100 MILLION SMILES**

को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्हें संकल्प दिलवाया।

साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की प्राचार्य डा. नीलिमा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली रवाना किया। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाती हुई छात्राएं गांवों में निकलीं। छात्राओं ने चौरा, डंगरी, उपाध्यायपुर, पूरे भरत सहित आधा दर्जन गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने लोगों को बताया कि आज बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं हैं। इसलिए उन्हें आगे बढ़ाएं। स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया। लोगों को संकल्प दिलाया। इस अवसर पर शिवांगी मिश्रा, वैष्णवी सिंह, शिल्पा, कविता, एकता, कल्पना, दृष्टि, रूबी, संध्या, नाजमीन, वानो आदि छात्राओं ने सहयोग किया।




साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं द्वारा निकली जनजागरुकता रैली।

